# अमौसी हवाईअड्डे से सीधे भर सकेंगे अमेरिका, यूरोप के लिए उड़ान

आने वाला कल
TRENDS 2025

लखनऊ। नए साल में रेल, रोडवेज और हवाई सेवाओं के विस्तार की सौगातें मिलेंगी। चारबाग स्टेशन अत्याधुनिक बनेगा तो अमौसी एयरपोर्ट का भी विस्तार होगा। यहां से अमेरिका और यूरोप की सीधी उड़ानें शुरू हो जाएंगी। उत्तर व पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ से पांच शहरों अयोध्या, गोरखपुर, वाराणसी, प्रयागराज और कानपुर के लिए वंदे भारत मेट्रो ट्रेनें शुरू करेगा। उत्तर रेलवे 4500 करोड़ रुपये खर्च कर रिंग रेल बनाएगा। इसके लिए सर्वे शुरू कर दिया गया है। रिंग रेल बन जाने से चारबाग व लखनऊ जंक्शन जैसे स्टेशनों पर ट्रेनों, यात्रियों का भार कम हो जाएगा। (माई सिटी रिपोर्टर)

**वर्ष 2025 में रेल, रोडवेज और हवाई सेवाओं का विस्तार होने से सफर करना होगा सुविधाजनक**


**पांच शहरों के लिए डबलडेकर बसें चलेंगी रिंग रेल लेगी आकार**



गोमतीनगर स्टेशन।

गोमतीनगर स्टेशन के सेकेंड फेज का काम पूरा होगा तथा चारबाग स्टेशन की सेकेंड एंट्री तैयार हो जाएगी। रेलवे प्रशासन टिकटों की दरें भी कम कर सकता है। हालांकि, इसका फैसला रेलवे बोर्ड के स्तर पर लिया जाएगा।

## 65 नई इलेक्ट्रिक सिटी बसें मिलेंगी



डबलडेकर बस की हुई शुरुआत।

रोडवेज महाकुंभ के लिए सात हजार बसें बेड़े में जोड़ेगा। पांच शहरों अयोध्या, गोरखपुर, वाराणसी, प्रयागराज और कानपुर के लिए डबलडेकर बसों को भी चालू किया जाएगा। 65 नई इलेक्ट्रिक सिटी बसें दैनिक यात्रियों को आराम देंगी।

## योजना : कई नदियों में चलेंगे क्रूज



अमौसी एयरपोर्ट का टर्मिनल थ्री

परिवहन विभाग ने इनलैंड वाटरवेज पर काम तेज कर दिया है। पहले चरण में कई नदियों में क्रूज चलाने की योजना है। विभाग आरटीओ की 37 सेवाओं को फेसलेस कर चुका है। 21 अन्य को भी नए साल में फेसलेस किया जाएगा। स्मार्ट आरसी भी मिलने लगेंगी। हालांकि, वाहन स्वामियों पर रोड सेफ्टी सेस सहित कई टैक्स बढ़ाए जा सकते हैं।

- **रनवे की बढ़ेगी लंबाई** : अमौसी एयरपोर्ट का कद नए साल में और बढ़ेगा। एयरपोर्ट प्रशासन पुराने अंतरराष्ट्रीय टर्मिनल को तोड़कर उसे टी-थ्री में मिलाएगा। रनवे की लंबाई 2700 से 3500 मीटर की जाएगी। इससे लखनऊ से अमेरिका व यूरोप की सीधी उड़ानें मिलने से यात्रियों को बड़ी राहत मिलेगी।

## वर्ष 2024 की उपलब्धियां

- गोमतीनगर स्टेशन से पटना, लखनऊ जंक्शन से देहरादून व चारबाग स्टेशन से मेरठ के बीच तीन वंदे भारत ट्रेनों का हुआ शुभारंभ।
- गोमतीनगर स्टेशन का पहला फेज हुआ शुरू, चारबाग स्टेशन के अपग्रेडेशन के काम को मिली रफ्तार।
- लखनऊ में पहली बार आला सैन्य अधिकारियों की कमांडर्स मीट मध्य कमान मुख्यालय में कराई गई।
- 650 नई बसें रोडवेज के बेड़े से जुड़ीं।
- यूपी की पहली एसी डबलडेकर बस कमता से अमौसी एयरपोर्ट के बीच शुरू की गई।
- व्हीकल लोकेशन ट्रैकिंग डिवाइस व पैनिक बटन बसों में लगाए गए। इससे बसों को ट्रैक करना हुआ आसान।
- विराजखंड सहित प्रदेशभर के 23 बस अड्डों का पीपीपी मॉडल पर निर्माण हुआ शुरू।
- रोडवेज में निजीकरण के तहत 19 डिपो निजी हाथों में सौंपे गए।
- 11 साल बाद रेलवे यूनियन की मान्यता के चुनाव कराए गए।
- पहली बार लखनऊ में तीन दिवसीय सेना दिवस का आयोजन।
- एयरपोर्ट के नए टर्मिनल टी-थ्री का हुआ शुभारंभ।
- यूनाइटेड अरब अमीरात, बैंकॉक सहित कई जगहों के लिए नई उड़ानें शुरू की गईं।